## एक नजर में

### माहेश्वरी समाज का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आज




**इंदौर.** अ भा माहेश्वरी महासभा के फ्लेगशिप योजना के तहत देश भर के दायित्ववान कार्यकर्ताओं को सामाजिक दायित्व का निर्वाह कैसे किया जाए,इस बात का प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य किया गया है। इस हेतु राष्ट्रीय स्तर पर मनोनीत संयोजक मुंबई से मधुसूदन गांधी एवं सतीश चरखा आज इंदौर पहुंच रहे हैं. माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के अंतर्गत यह आयोजन संयोगितागंज माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित है. रामस्वरूप धूत एवं पंकज काबरा ने बताया कि अतिथिगण रविवार 6 जुलाई को माहेश्वरी भवन नौलखा पर प्रात: 10 बजे से आमंत्रित कार्यकर्ताओं को संगठन से जुड़े विषयों पर विशिष्ट जानकारी देंगे। इसमें पद के कर्तव्य व अधिकार, बैठकों का यशस्वी नियोजन, संवाद कौशल, समूह में कार्य करने की कला, सहभागिता आदि विषयों की महत्ता प्रतिपादित करेंगे। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न होगा।

### अमरनाथ यात्रा को स्वच्छ बना रहा स्टार्टअप स्वाहा



**इंदौर.** अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई है. अमरनाथ यात्रा श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है. श्रद्धा और आस्था में अब स्वच्छता भी जुड़ गया है। अब श्रद्धालु एक नया मंत्र गुनगुना रहे हैं. बोल बम, पर्यावरण को कचरा मुक्त रखेंगे हम। इस पवित्र यात्रा में पर्यावरण और स्वच्छता को जोड़ा है इंदौर के स्टार्टअप स्वाहा ने. जीरो लैंड फिल (कचरा मुक्त) यात्रा की सोच को हकीकत में बदल रहा है स्वाहा. स्वाहा पिछले चार वर्षों से अमरनाथ यात्रा मार्ग को कचरा मुक्त बना रहा है. जम्मू कश्मीर के डायरेक्टरेट ऑफ़ रूरल सैनिटेशन द्वारा यह कार्य स्वाहा को सौंपा गया है. आरडीडी और पंचायती राज के सेक्रेटरी आईएएस एजाज असद और डायरेक्टरेट ऑफ़ रूरल सनिटेशन की डीजी श्रीमती अनू मल्होत्रा ने बताया कि पिछली कई यात्राओं से यात्री बड़ी संख्या में पहाड़ियों पर टनों से कचरा छोड़ते आ रहे थे. पिछले चार साल में इस तस्वीर को बदला है. अब यात्रा के बाद पूरा अमरनाथ यात्रा मार्ग कचरा मुक्त दिखता है. इंदौर के स्टॉर्टअप स्वाहा टीम ने इस काम को किया है. अब यात्रा मार्ग की पहाड़ियां और नदिया प्लास्टिक और गंदगी के मुक्त है. स्वाहा के सह संस्थापक समीर शर्मा ने बताया ये लगातार चौथा वर्ष है जब पहाड़ों और घाटियों की सफाई के लिए जम्मू और कश्मीर के युवाओं साथ मिलकर इस मिशन को सफल बनाने के संकल्प पर स्वाहा जुटा हुआ है। इस अभियान का लक्ष्य है शून्य अपशिष्ट यात्रा. यानि यात्रा के बाद कोई अपशिष्ट बचा न दिखे. स्वाहा के संस्थापकों में दो आईआईटीयन है ज्वलंत शाह और रोहित अग्रवाल.

### स्पंदन की संगीतमय संध्या अनंत अनुराग 13 को

**इंदौर.** शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स कल्चरल ग्रुप स्पंदन द्वारा एक संगीतमय संध्या अनंत अनुराग का आयोजन 13 जुलाई को शाम 6 .30 बजे रविन्द्र नाट्यगृह में किया जाएगा. यह विशेष कार्यक्रम स्वर्गीय डॉ. अनुराग श्रीवास्तव की स्मृति को समर्पित है, जिनका हाल ही में असमय निधन हो गया. डॉ. अनुराग न केवल एक कुशल नेत्र रोग विशेषज्ञ थे, बल्कि एक संवेदनशील कलाकार, संगीत प्रेमी और मानवीय मूल्यों के प्रतीक भी थे. अनंत अनुराग उनके व्यक्तित्व की इन्हीं विविध छवियों को समर्पित एक सांगीतिक श्रद्धांजलि होगी, जिसमें उनके जीवन, स्वभाव और कला-प्रेम को सुरों के माध्यम से याद किया जाएगा. इस भावभीनी संध्या में शहर के प्रमुख डॉक्टर-कलाकारों द्वारा पुराने और नए सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी. इन गीतों के माध्यम से जहां श्रोताओं का मनोरंजन होगा, वहीं यह कार्यक्रम डॉ. अनुराग के प्रति उनके सहयोगियों, मित्रों और शहरवासियों की गहरी श्रद्धा को भी अभिव्यक्त करेगा. कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक डॉ. मनोज भटनागर, डॉ. संजय कुमार लौढे, डॉ. राजेन्द्र चौबे, डॉ. प्रमोद नीमा, डॉ. अमित वर्मा, डॉ. हेमंत मंडोवरा, डॉ. अतुल भट्ट, डॉ. शैलेक्सी वर्मा, डॉ. पिनाक भटनागर, डॉ. रूचि शाह और डॉ. निकिता भटनागर हैं, जो स्पंदन परिवार के साथ मिलकर इस आयोजन को यादगार बनाने में जुटे हैं.

### डॉ. दिल्लीवाल अध्यक्ष, वाघमारे सचिव निर्वाचित



इंदौर। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल में वर्ष 2025-26 के लिए डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल अध्यक्ष एवं पुरुषोत्तम वाघमारे निर्विरोध सचिव चुने गए। यह क्लब वर्ष भर विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य वर्धक गतिविधियां संचालित करेगा, जिससे समाज लाभान्वित होगा।

### मारुति पंचमुखी हनुमान मन्दिर पर गुरु पूर्णिमा 11 को



इंदौर. इस बार भी श्री मारुति पंचमुखी हनुमान मन्दिर ट्रस्ट महंत मंगल दास महाराज खाकी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनायेगा. प्रवीण जोशी ने बताया कि आयोजन नाव घाट स्थित श्री मारुति पंचमुखी हनुमान मन्दिर पर 11 जुलाई को दोपहर 12 बजे होगा. इस मौके पर सभी भक्त जन महंत मंगलदास महाराज का पाद पूजन करेंगे. नामदान का कार्य क्रम भी होगा. कार्यक्रम में बड़वाह के हरिओमा नंद विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. समापन प्रसाद वितरण से होगा.

### सिंधी समाज की चार टीमों का क्रिकेट मैच आज

इंदौर. शहर की चार सिंधी पंचायतों के बीच आज चाणक्यपुरी चौराहा, देवेंद्र नगर स्थित विंग टर्फ विकेट पर एक दिवसीय रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा, जिसमें हर आयु वर्ग के खिलाड़ी गेंद और बल्ले पर अपने हाथ आजमाएंगे इस स्पर्धा को लेकर समाज में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. विजेताओं के लिए अनेक समाजबंधुओं ने आकर्षक पुरस्कार देने की घोषणा भी की है। सांसद शंकर लालवानी पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथित होंगे. पूज्य सक्खर सिंधी पंचायत की मेजबानी में होने वाले इस पहले टूर्नामेंट में आज चाणक्यपुरी चौराहा, देवेन्द्र नगर स्थित विंग टर्फ विकेट पर व्यापक तैयारियां की गई हैं. अध्यक्ष नामदेव कुकरेजा, सचिव हरीश भाटिया, विष्णु कटारिया ने बताया कि शहर में 16 सिंधी पंचायतें हैं, इनमें से अभी 4 टीमों को लिया गया है. कोशिश यह है कि भविष्य में युवा, महिलाओं एवं पदाधिकारियों की अलग-अलग टीमें बनाकर सभी पंचायतों के बीच अगली बार बड़े मुकाबले आयोजित किए जाएंगे. इन टीमों में हरीश भाटिया, श्रीचंद शादीजा, धीरज कुंडल, रमेश छाबड़ा, दीपक खत्री, नवीन कुकरेजा, सुनील कुकरेजा, मनीष केसवानी, निखिल कुकरेजा, हेमंत आहूजा, हितेश कटारिया के मार्गदर्शन में विभिन्न समितियां गठित की गई हैं. विंग टर्फ विकेट पर इन टीमों के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में सिंधी युवा एवं परिवारों के सदस्य भी दर्शक दीर्घा में नजर आएंगे। मुकाबले रविवार को दोपहर 12 बजे से शुरू होंगे.

नवभारत

महू में नवभारत की अखबार प्रति समाचार व विज्ञापन के लिए

सम्पर्क करें :-

ब्रजेश अमोनिया

9131399132

# मध्य प्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव इंदौर में 11 को

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि**

**संभागायुक्त और कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा**



**इंदौर. राज्य में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, निवेश, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों को नई गति देने के उद्देश्य से आगामी 11 जुलाई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा. इस उच्चस्तरीय आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से शामिल होंगे और देशभर से आए संबंधित क्षेत्र के निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे.**

कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर आज संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया. उन्होंने नगर निगम, स्मार्ट सिटी, आईडीए, मेट्रो, पर्यटन व अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां समयसीमा में पूरी की जाएं और किसी भी स्तर पर कोताही न हो. वर्षा को देखते हुए तैयारी की जाए.

उन्होंने अधिकारियों को आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए दायित्व भी सौंपे. निरीक्षण के दौरान मेट्रो परियोजना के एमडी श्री चैतन्य कृष्ण, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, आईडीए के सीईओ श्री आर.पी. अहिरवार, एडीएम श्री रोशन राय सहित सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद थे. यह कॉन्क्लेव प्रदेश में शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. आयोजन से इंदौर और मध्यप्रदेश को निवेश का नया आयाम मिलेगा।

### 15 सौ से अधिक उद्योगपति व प्रतिनिधि

कॉन्क्लेव में देशभर से 1500 से अधिक उद्योगपति, रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और टूरिज्म सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि, निवेशक आदि शामिल होंगे. आयोजन के दौरान एक भव्य प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी. आयोजन में क्रेडाई, होटल इंडस्ट्री, टूरिज्म, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, मैट्रो, हुड़को, एलआईसी, हाउसिंग बोर्ड आदि की व्यापक भागीदारी रहेगी. प्रदर्शनी में इनसे संबंधित योजनाएं व प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जाएंगे.

# महिलाओं को रात पाली में कारखानों में काम करने की विशेष अनुमति

## सुरक्षा और शर्तों का संस्थानों को पालन करना होगा

इंदौर. पुख्ता सुरक्षा उपायों और विशेष नियम एवं शर्तों को लागू करने की अनिवार्यता के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने महिलाओं को दुकानों, वाणिज्यिक संस्थानों और कारखानों में रात की पाली (नाइट शिफ्ट) में काम करने की अनुमति दी है. संस्थानों में महिला श्रमिकों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण दिया जाएगा.

राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 एवं कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत महिला श्रमिकों को कुछ शर्तों के साथ कार्य करने की अनुमतिदी है। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गए है. दुकानों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं में रात्रि पाली में 9 बजे से सुबह 7 बजे तक कार्य करने के लिये नियोजकों को महिला श्रमिकों की लिखित सहमति लेना अनिवार्य होगा. कम से कम 5 महिला श्रमिक के समूह में ही उन्हें कार्य पर लगाया जाएगा. कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण, शौचालय, वॉशरूम, पेयजल और विश्राम कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा. इन सुविधाओं तक आवागमन का मार्ग अच्छी तरह से प्रकाशित तथा सीसीटीवी की निगरानी में होगा. जहां 10 या अधिक महिलाएं कार्यरत हों, वहां महिला सुरक्षाकर्मियों (गार्डस) की व्यवस्था करनी होगी.

### कारखानों के लिए विशेष शर्तें

कारखानों में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक महिला श्रमिकों को कार्य करने की अनुमति सुरक्षा उपायों के साथ प्रदान की गई है. रात की पाली में कार्य करने के लिये महिला श्रमिकों की लिखित सहमति अनिवार्य होगी और उन्हें पांच से अधिक समूह में नियोजित किया जाएगा. महिला कर्मचारियों के लिए घर से लाने और ले जाने की परिवहन सुविधा देना नियोक्ता की जिम्मेदारी होगी।



# भक्ति दर्शन का विषय, प्रदर्शन का नहीं

## राजेन्द्र नगर के जवाहर सभागृह में भागवत ज्ञान यज्ञ

**इंदौर.** भक्ति की पात्रता केवल मनुष्य को मिली हुई है. हमने कभी किसी पशु को भजन कीर्तन करते या व्रत उपवास करते नहीं देखा होगा. सत्संग की धारा हम सबको निर्मल बना रही है तो यह हमारी भक्ति की पवित्रता का ही प्रमाण है. भक्ति दर्शन का विषय है, प्रदर्शन का नहीं. भक्ति में पाखंड और प्रदर्शन के लिए कोई जगह नहीं होना चाहिए. भक्ति-सत्संग की धारा हम सबके मन को निर्मल बना रही है तो यह हमारी भक्ति की पवित्रता का ही प्रमाण है.

राजेंद्र नगर स्थित जवाहर सभागृह, टंकी हॉल पर परशुराम महासभा की मेजबानी में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में भागवताचार्य पं. ऋषभदेव महाराज ने उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. व्यास पीठ का पूजन श्रीमती पूनम-संजय मिश्रा, रजनी-अशोक खंडेलवाल, विजय शर्मा, विशाल भारद्वाज, रश्मि पुरोहित, उषा तिवारी, मंगला वर्मा, स्नेहलता तलवार, संजय अड़सपुरकर, रजेश तेजावत आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी बलजीत कटारिया, सरला शर्मा, समाज तिवारी सहित सैकड़ों भक्तों ने की. संयोजक पं. संजय मिश्रा ने बताया कि शनिवार, 6 जुलाई को कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दिव्य उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा.

# हर्निया को जितना जल्दी पहचानेंगे, उतना बेहतर होगा परिणाम

- वर्कशॉप के दूसरे दिन एडवांस तकनीकों पर रहा फोकस
- लाइव सर्जरी से प्रतिभागियों ने सीखे सर्जरी के गुर




**इंदौर. विशेष जुपिटर हॉस्पिट में आयोजित दो दिवसीय मेडिकल ट्रेनिंग वर्कशॉप हर्निया एसेंशियल्स डिडैक्टिक्स के दूसरे दिन चिकित्सा शिक्षा और सर्जिकल उत्कृष्टता की दिशा में प्रभावशाली कदम देखने को मिला. देशभर से आए युवा सर्जनों, मेडिकल छात्रों और विशेषज्ञों ने इस सघन प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया, जिसमें हर्निया की जटिलताओं, आधुनिक सर्जिकल तकनीकों और लाइव केस प्रेजेंटेशन पर गहन चर्चा हुई.**

दिन की शुरुआत सुबह लाइव वर्कशॉप से हुई, जिसमें हर्निया रिपेयर की प्रमुख तकनीकों का लाइव प्रदर्शन किया गया. इन वास्तविक सर्जरी के दौरान प्रतिभागियों को तकनीकों की सूक्ष्मताओं को बारीकी से समझने और अनुभव करने का अवसर मिला. एशिया पैसिफिक हर्निया सोसाइटी के अध्यक्ष और वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजेश खुल्लर द्वारा एक विशेष वीडियो सत्र का आयोजन किया गया. इस सत्र में इनगुइनल, वेंट्रल और इनसिजनल हर्निया की जटिल अवस्थाओं के प्रभावी प्रबंधन और समय पर निदान की महत्ता को रेखांकित किया गया.


उन्होंने कहा हर्निया की सही पहचान और समय पर की गई सर्जरी से न केवल बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि रोगी की जीवन गुणवत्ता भी बेहतर की जा सकती है. वर्कशॉप के अंतिम चरण में केस क्लोजिंग, पोस्ट-ऑप केयर और संभावित जटिलताओं पर भी चर्चा की गई। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए.

### उभार को नजर अंदाज न करें

वर्कशॉप के कन्वीनर और विशेष जुपिटर हॉस्पिटल इंदौर के डायरेक्टर जनरल सर्जरी विभाग डॉ. अमिताभ गोयल ने कहा इस वर्कशॉप का उद्देश्य केवल सर्जनों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित करना नहीं था, बल्कि आमजन को यह समझाना भी था कि हर्निया एक सामान्य समस्या नहीं है. पेट की दीवार की कमजोरी से उत्पन्न यह स्थिति समय रहते पहचान ली जाए तो पूरी तरह ठीक की जा सकती है. हल्की सूजन या उभार को नज़रअंदाज़ न करें- क्योंकि आज की आधुनिक तकनीकों से हर्निया का इलाज तेज़, सुरक्षित और कम दर्द वाला है. उन्होंने यह भी जोड़ा समय पर की गई सर्जरी से जटिल हर्निया से बचा जा सकता है.

# यातायात नियमों को लेकर स्कूली बच्चों में जागरूकता

## होली क्रॉस स्कूल में आयोजित हुई यातायात कार्यशाला




**इंदौर. शहर में सुरक्षित, सुगम और अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. जिसके तहत होली क्रॉस स्कूल, निपानिया में छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया.**

यातायात जोन 2 सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार खत्री ने किया. उन्होंने स्कूली बच्चों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी. बच्चों को बताया गया कि ट्रैफिक सिग्नल, रोड मार्किंग, ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता और उसकी प्रक्रिया क्या होती है. साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से जुड़ी वास्तविक तस्वीरें और आंकड़े भी साझा किए गए ताकि उनमें जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव विकसित हो. वाहन चलाते समय की जाने वाली आम गलतियों, लेन अनुशासन, आदर्श चौराहे की अवधारणा और यातायात व्यवस्था में इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट व एजुकेशन की भूमिका को भी सरल भाषा में समझाया गया. पुलिस अधिकारियों का मानना है कि स्कूली छात्रों को शुरू से ही यातायात नियमों का महत्व समझाना बेहद जरूरी है, ताकि वे स्वयं तो जिम्मेदार नागरिक बनें ही, साथ ही परिवार और समाज को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करें. यातायात पुलिस की यह पहल शहर में ट्रैफिक अनुशासन की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है.




# आठवां फेरा लिया शहर के यातायात सुधारने में सहयोग करने का

## अग्रसेन महासभा ने एकल विवाह की सभी रस्में दिन की रोशनी में संपन्न कराई

**इंदौर. प्रतिवर्ष समाज के एक जरूरतमंद युगल का विवाह कराने की अपनी परंपरा का निर्वाह करते हुए श्री अग्रसेन महासभा ने आषाढ़ नवरात्रि की एकादशी को अबूझ मुहूर्त में शहर के एक युगल का परिणय पूरी धूमधाम से सभी रस्मों का पालन करते हुए संपन्न कराया. दोनों पक्षों के अनेक रिश्तेदार और समाजबंधु इस उत्सव के साक्षी बने.**

महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल, सचिव राजेश मित्तल चौधरी, प्रमुख संयोजक राजेश जिंदल एवं संयोजक प्रमोद बिंदल ने बताया कि समाजबंधु गोविंददास अग्रवाल के पुत्र लोकेश का शुभ विवाह राधेश्याम की बेटी शीतल के साथ बायपास स्थित महासभा के भवन पर दिन की रोशनी में इस ढंग से आयोजित किया गया कि गणेश पूजन, माता पूजन, चाक-भात, हल्दी जैसी रस्मों के बाद समाजबंधुओ एवं दोनों पक्षों के रिश्तेदारों की मौजूदगी में दूल्हे की बरात भी घोड़ी पर बैंड-बाजों के साथ निकाली गई. निपानिया के इस्कॉन मंदिर में सामेला और वरमाला की रस्में पूरे विधि-विधान से हुई.

विद्वान पंडित ने अग्नि की साक्षी में सात फेरे संपन्न कराए और आठवां फेरा शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में मदद के संकल्प के साथ दिलाया. आशीर्वाद समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, अजय आलूवाले, अरुण आष्टावाले, मोहनलाल बंसल सहित अनेक समाजबंधुओं ने महासभा के इस कदम को सामाजिक क्रांति का सूचक बताते हुए नवयुगल को उपहारों सहित शुभाशीष प्रदान किए। अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल ने महासभा के सभी कार्यक्रमों को फिजूलखर्ची से बचाने और समाजबंधुओं के हित में समर्पित भाव से सेवा कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया.




# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ने किया पौधारोपण

**इंदौर.** विद्यासागर सोशल ग्रुप इंदौर के सदस्यों द्वारा बेहतर पर्यावरण के लिए उदय नगर जैन मंदिर प्रांगण पर पौधारोपण किया गया. विद्यासागर सोशल ग्रुप के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि आज कई तरह के ऑक्सीजन प्रदाता व फलदार पौधे रोपे गए. पौधारोपण करने वालों ने संकल्प लिया कि वे पौधों की हिफाजत उसके पेड़ बनने तक करेंगे. मनोहर झांझरी, जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी व सतीश जैन ने रोपा. आज के कार्यक्रम में मनोहर जी झांझरी का फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पगड़ी,दुपट्टा व माला पहनाकर विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही दिगंबर जैन समाज , सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमारी पाटोदी का उनके सफलतम कार्यकाल के लिए. राकेश सिंघई का परवार सभा के अध्यक्ष बनने पर एवं संतोष जैन )का सिद्ध चक्र मंडल विधान में चक्रवर्ती बनने पर सम्मान किया गया. इस अवसर पर सुनील-अनीता जैन, संतोष - मीना जैन सर, जे के जैन, प्रकाश - सुनीता जैन, ओमप्रकाश जैन, अजय जैन एडवोकेट, संगीता जैन, शालिनी जैन, सरिता-रविंद्र जैन, उषा - नरेंद्र सिंघई, सहित बड़ी संख्या में ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे.

**भागवत ज्ञानयज्ञ** | गीता भवन में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में आज धूमधाम से मनेगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

# भागवत केवल ग्रंथ नहीं, हमारे मन की ग्रंथियों का ताला खोलने की चाबी : स्वामी प्रणवानंद



**इंदौर. श्रीमद् भागवत को विद्वानों ने कालजयी ग्रंथ माना है. यह केवल ग्रंथ नहीं, हमारे मन की ग्रंथियों का ताला खोलने की मास्टर-की है. भागवत ऐसी चाबी है, जिससे दुनिया की प्रत्येक समस्या का ताला खुल सकता है, क्योंकि इसकी रचना स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने की है. भगवान की वाणी मनुष्य ही नहीं, प्राणी मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है.**

आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने शनिवार को गीता भवन सत्संग सभागृह में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए. वृंदावन से आए भजन गायको और संगीतज्ञों का जादू भक्तों को प्रतिदिन थिरका रहा है. कथा शुभारंभ के पूर्व व्यासपीठ का पूजन गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, मनोहर बाहेती, श्रीमती कृष्णलता परमार, लक्ष्मणसिंह-सुषमा राठौर, दिनेश तिवारी, कमला पाटीदार, विपुल राठी एवं उमेश गुप्ता ने किया।

रविवार को कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है. सोमवार को गोवर्धन पूजा का उत्सव मनाया जाएगा। गीता भवन में कथा का यह क्रम 9 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 6.30 बजे तक चलेगा.

### प्रत्येक जीव अपना भाग्य लेकर आता है

महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने कहा कि दुनिया में प्रत्येक जीव अपना भाग्य लेकर आता है. भगवान किसी को भी खाली हाथ नहीं बुलाते. जन्म जरूर खाली हाथ होता है, लेकिन अपने पुरुषार्थ, सूझबूझ और व्यवहार से प्रत्येक जीव स्वयं को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है. यह मनुष्य का भी स्वभाव है. भागवत, गीता, रामायण, वेद और उपनिषद जैसे धर्मग्रंथ केवल भारत भूमि में ही मिलेंगे. पश्चिमी देशों में तो अनेक विद्वान इन पर डॉक्टरेट भी कर रहे हैं. भगवान के सामने कोई पक्षपात या भेदभाव नहीं चलता.